# खैरथल में 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 जने सम्मानित

**खैरथल।** 80वें स्वतंत्रता दिवस पर पूरे जिले में देशभक्ति का जश्न मनाया गया। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ जहां जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। एडीएम शिवपाल जाट ने महामहिम राज्यपाल का संदेश पढ़कर सुनाया। समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों की वीरांगनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर विधायक दीपचंद खैरिया, पूर्व विधायक रामहेत यादव,जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जया सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट, सहित जिले के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने खैरथल जिला स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह में सलामी दी ।

मुख्य समारोह में सुबह वाद्य यंत्रों की स्वर लहरियों के बीच राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। पुलिस विभाग के जवानों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अनुशासित और आकर्षक परेड कर तिरंगे को सलामी दी। परेड के बाद स्कूली बच्चों ने सामूहिक नृत्य और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिसने पूरे माहौल को देशभक्ति मय कर दिया।

मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने कहा कि हम आज 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष और गर्व के साथ मना रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने देश की आजादी के लिए जीवन समर्पित करने वाले अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा, यह दिन हमें याद दिलाता है कि आजादी सहज नहीं मिली। इसके पीछे अनगिनत बलिदानों की गाथा है। स्वतंत्रता केवल आजादी का प्रतीक नहीं, यह जिम्मेदारी का संदेश भी है। स्वच्छता, पानी-बिजली की बचत, शिक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व और औद्योगिक विकास से ही हम इस आजादी को सशक्त बना सकते हैं। जिले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि खैरथल-तिजारा औद्योगिक, कृषि और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है और विकास की अपार संभावनाएं रखता है। उन्होंने आमजन को आश्वस्त किया कि प्रशासन प्रत्येक योजना को धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयासरत है। समारोह में अतिथियों ने स्वतंत्रता सेनानियों की वीरांगनाओं का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 लोगों को प्रशस्ति पत्र और स्वामी विवेकानंद की किताबें देकर सम्मानित किया गया । डॉ. चंद्रप्रकाश सैनी, पशु चिकित्सा अधिकारी; गौरव बत्तरा, अध्यापक; श्रीमती कृष्णा शर्मा, सचिव पं. छीतरमल लाटा वेलफेयर सोसायटी; झिनेन्द्र शर्मा; श्रीमती सुनिता देवी और शिवानी शर्मा, सुरक्षा सखी; श्रीराम यादव, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक; श्रीमती रिंकी खातून; स्पैक्ट्रा संस्था; सरजीत कुमार, कृषि पर्यवेक्षक; श्रीमती पूजा छितरोलिया, सूचना सहायक; लक्खी राम वर्मा; हेमंत कुमार, अध्यापक; महिपाल सिंह; फूल चंद; श्रीमती भारती, गाइड; यतेश यादव, इब्तिदा संस्था; अमित जुयाल, प्रदूषण नियंत्रण मंडल; मुकेश कुमार शर्मा, आयुक्त नगर परिषद; विशाल गुप्ता; बरखत खान और दया सिंह भुल्लर, बीडा; सुषमा, श्रीमती संतोष कुमारी, रतिराम सैनी और राकेश कुमार प्रधानाचार्य।

- नवोदय विद्यालय में हुआ मुख्य कार्यक्रम, मार्च पास्ट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

## फुलेरा में स्वाधीनता दिवस पर शहर में उत्साह रहा

**फुलेरा ।** 80वां स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह फुलेरा नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में स्कूल खेल मैदान पर शनिवार को सुबह 10 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम फुलेरा नगरपालिका ईओ महिमा सोनी की अध्यक्षता में मनाया गया। मुख्य अतिथि फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी रहें जबकि विशिष्ठ अतिथि सेठ सूरजमल अग्रवाल राजकीय विद्यालय की प्रधानाचार्या ललिता वर्मा, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य नविता वर्मा रहीं। कार्यक्रम के दौरान सरकारी व निजी विद्यालय के विद्यार्थियों ने पीटी, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। पालिका प्रशासन की ओर से विद्यालय प्रतिनिधी व विद्यार्थियों को मिठाई और पुरस्कार का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र गहलोत ने किया। इसी प्रकार पुलिस थाना फुलेरा पर थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने ध्वजारोहण किया।

- विद्यालय प्रतिनिधी व विद्यार्थियों को मिठाई और पुरस्कार का वितरण किया

इसके अतिरिक्त रीको क्षेत्र स्थित भाजपा कार्यालय पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, फुलेरा-ईटावा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर विधायक विद्याधर चौधरी, व्यापार महासंघ कार्यालय पर अध्यक्ष मनोज आहूजा, उपजिला अस्पताल पर पीएमओ डॉ. धर्मेन्द्र भामू, टेगौर सेंट्रल स्कूल पर संजय शर्मा, दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत कार्यालय पर अशोक वासदेव की अध्यक्षता में जीआरपी थानाधिकारी ओमप्रकाश ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार अनेक सामाजिक व राजनैतिक कार्यालयों व सरकारी व निजी विद्यालयों पर ध्वजारोहण कर तिरंगें को सलामी दी गई।

## हत्या करने के आरोप से पति दोषमुक्त

**सांभरझील, (निसं)।** दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित कर उसकी हत्या करने के मामले में अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश फागी कीर्ति सिंहमार ने आरोपी पति प्रभु दयाल पुत्र रामदेव जाति बेरवा 45 वर्ष निवासी नारायणपुरा सोसायटी तन पहाड़िया पुलिस थाना फागी जिला जयपुर को धारा 498 ए 302 के आरोपों से संदेह का लाभ देकर दोष मुक्त कर दिया। मृतका हरफूल पुत्री नानूराम 33 वर्ष की संदिग्थ अवस्था में मृत्यु होने की रिपोर्ट थाना फागी में लिखवाई गई थी जिसमें मृतका के पति पर दहेह के लिए प्रताड़ित करने तथा फंदा लगाकर हत्या करना बताया गया था। आरोपी के अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह शेखावत ने अभियुक्त की ओर से बचाव साक्ष्य में दो गवाह तथा अनेक दस्तावेजी साक्ष्य न्यायालय में पेश किए। न्यायाधीश ने अपने फैसले में लिखा कि अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य विवेचनानुसार अभियोजन पक्ष यह प्रमाणित करने में असफल रहा है।

## धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया 80 वां स्वतंत्रता दिवस

**पावटा।** उपखंड क्षेत्र पावटा में देशभक्ति, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के तत्वावधान में उपखंड स्तरीय मुख्य समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा के खेल मैदान में आयोजित किया गया। समारोह में नगर क्षेत्र के विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। समारोह में विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य एवं उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के साथ पूरा वातावरण देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत हो गया। ध्वजारोहण के बाद पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी तथा स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने शानदार मार्च-पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। विद्यार्थियों ने व्यायाम प्रदर्शन, स्काउट-गाइड गतिविधियों तथा विभिन्न देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों पर समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, समाजसेवियों, विद्यार्थियों, खेल प्रतिभाओं तथा विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपजिला अस्पताल पावटा की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशबू अठावाल सहित विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। वहीं उपजिला अस्पताल पावटा के प्रभारी डॉ. रवि बंसल को जिला स्तर पर सम्मानित किए जाने पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया। मुख्य अतिथि विधायक कुलदीप धनकड़ ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि देश की आजादी असंख्य वीरों के त्याग, तपस्या और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने आमजन से स्वतंत्रता की इस अमूल्य विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का आ ान किया। उन्होंने युवाओं से शहीदों के बताए मार्ग पर चलने तथा देश और समाज के लिए कुछ कर गुजरने का संकल्प लेने की अपील की। विधायक ने मंच के माध्यम से भजनलाल सरकार द्वारा क्षेत्र में करवाए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों की भी जानकारी एवं घोषणाएं कीं।

- पावटा में हुआ उपखंड स्तरीय मुख्य समारोह

## पूर्व विधायक रामकरण सिंह कसाना को याद किया

**कोटपुतली।** देवनारायण मंदिर, पुतली में भूतपूर्व विधायक एवं 'शेर-ए-राजस्थान, किसान केसरी' के नाम से विख्यात स्वर्गीय रामकरण सिंह कसाना की 99वीं जयंती श्री देवनारायण गुर्जर समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वसमाज के लोगों ने उनके जीवन, सामाजिक योगदान, किसान हितों तथा राजनीतिक जागृति के प्रयासों को याद किया। इस दौरान शिक्षा, महिला शिक्षा, युवाओं के विकास तथा सामाजिक संस्थाओं को मजबूत बनाने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव एवं विधायक रामस्वरूप कसाना ने कहा कि रामकरण सिंह कसाना ने सामाजिक सुधार और किसानों के हितों के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि समाज के लिए छात्रावासों सहित विभिन्न संस्थागत कार्यों की नींव रखकर उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत आधार तैयार किया। उनकी कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण आज भी प्रेरणादायी है।

- शिक्षा, सामाजिक सुधार और संस्थागत विकास पर हुआ मंथन



देवनारायण मंदिर, पुतली में पूर्व विधायक एवं 'शेर-ए-राजस्थान, किसान केसरी' के नाम से विख्यात रामकरण सिंह कसाना की 99 वीं जयंती मनाई।

पूर्व विधायक रामचंद्र रावत ने रामकरण सिंह कसाना के राजनीतिक जीवन को याद करते हुए कहा कि वे चुनाव के बाद राजनीतिक विरोधियों को भी गले लगाकर सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे। उनका व्यक्तित्व आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक था।

मंजू रावत ने महिला शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि समाज की प्रगति के लिए बेटियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने युवाओं से नवाचार और रचनात्मक कार्यों के माध्यम से नए आदर्श स्थापित करने का आ ान किया।

युवा नेता भीम पटेल, वरिष्ठ कांठोस नेता मालीराम कसाना, सेढूराम नेताजी और मुकेश नेताजी ने भी स्वर्गीय रामकरण सिंह कसाना के जीवन एवं योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई।

जीकैप के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गुर्जर संस्कृति शोध संस्थान के अध्यक्ष पी.डी. गुर्जर तथा वरिष्ठ आरएएस अधिकारी महाराम गुर्जर ने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, विरासत और सामाजिक इतिहास से जुड़कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा और संस्थागत विकास को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

हंसराज दिल्ली पुलिस, लालचंद पटेल एवं संतोष सरपंच ने कहा कि महान विभूतियों के मार्गदर्शन और विचारों को वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की जिम्मेदारी है। यदि शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और वर्तमान नेतृत्व उनके आदर्शों को युवाओं के लिए प्रेरणा का आधार बनाएं तो विकास की दिशा और मजबूत होगी।

कार्यक्रम में कैलाश दास, रामनिवास यादव, हंसराज कसाना, रोहिताश्व किसान नेता, दाताराम गिरदावर, रामावतार मेडिकल, रामावतार कसाना (प्रिंसिपल), मास्टर बाबूलाल कसाना, हंसराज रावत पनियाला, ओमप्रकाश जांगल, ख्यालीराम सरपंच, लालचंद कसाना डेलीगेट, जयराम कसाना पुतली, बरफा पुतली, गिरिराज मेडिकल, एडवोकेट रामसिंह, बाबूलाल कंपाउंडर, दारा पुतली, विनोद अवाना, एडवोकेट राधेश्याम, रणवीर रावत,नरेंद्र रावत,रामोतार खटाना,बुधराम कसाना,रामनिवास राहेड़ा, विजेंदर रावत, विक्रम घांघल, इंद्राज कसाना सुंदरपुरा, मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पन्ना लाल कसाना, कमलेश छावड़ी, हर सहाय छावड़ी, राजीव कसाना, रोहिताश पंच, प्रकाश पंच, रोशन लाल कसाना, मुंशी कसाना, पायलट राजेश कसाना, जगमाल कसाना,पूरण कसाना, हवासिंह कसाना, प्रकाश कसाना, महावीर कसाना, विनोद डोई, राकेश डोई, एडवोकेट अशोक कसाना, महेश कसाना, एडवोकेट राजकुमार कसाना, एडवोकेट गिरिराज कसाना, राजेश कसाना एवं नरेश कसाना सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं सर्वसमाज के लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अपमान के विरोध में सत्याग्रह

**फुलेरा।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के हल्द्वानी कार्यक्रम के दौरान भाजपा एवं आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से किए गए अपमानजनक व्यवहार के विरोध में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी जयपुर ग्रामीण की ओर से फुलेरा में विरोध मार्च एवं सत्याठाह आयोजित किया गया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर सर्किल पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का अपमान करोड़ों कांठोस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों का भी अपमान है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा एवं आरएसएस के लोगों को सद्बुद्धि देने की कामना करते हुए सत्याठाह किया गया। इस अवसर पर जिला महासचिव राकेश परिहार, ब्लॉक अध्यक्ष निरंजन निठारवाल, जितेंद्र अठावाल, शैलेंद्र शर्मा, नवल सोनी, कन्हैयालाल सकरवार, कमल शुक्ला, अरविंद मेहरडा, राजेश कचावटिया, सीपी व्यास, राजकुमार गुप्ता, योगेश सैनी, अब्दुल लतीफ, प्रमोद मीणा, पूर्व नारायणा अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश स्वामी सहित बडी संख्या में कांठोस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं का व्यायाम का प्रदर्शन

**टोंक।** जिले में 80वां स्वाधीनता दिवस शनिवार को बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाय गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित किया गया, जहां समारोह के मुख्य अतिथि जलदाय और भू जल विभाग के मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगीत वंदे मांतरम एवं राष्ट्रगान की धुन आरएसी एवं राजस्थान पुलिस के बैण्ड द्वारा बजाई गई।

समारोह में मुख्य अतिथि के परेड निरीक्षण के बाद आरएसी, राजस्थान पुलिस, राजस्थान महिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट्स एवं गाइड की टुकड़ियां मंच से सलामी लेते हुए गुजरी। मुख्य अतिथि ने वीरांगनाओं का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। साथ ही, जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 88 प्रतिभाओं को प्रमाण-पत्र और स्मृति चि भेंटकर सम्मानित किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद कुमार मीना ने राज्यपाल महोदय के संदेश का पठन किया।

- टोंक में जलदाय एवं भू जल मंत्री ने ध्वजारोहण किया

समारोह में विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत किये। योग ड्रिल टीम एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक व्यायाम प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदेमात्रम एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला कलेक्टर टीना डाबी, पुलिस अधीक्षक रोशन मीना, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, पूर्व विधायक अजीत मेहता, पूर्व जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, सीईओ राकेश कुमार मीना, समेत जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार एवं गिरदावर दीनदयाल गुप्ता ने किया।

## समाजसेवी मुन्नालाल शर्मा की मौजूदगी में विजेता खिलाड़ी सम्मानित

**सांभरझील, (निसं)।** जोधपुर के स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित हुई नवीं सब जूनियर राज्य स्तरीय थ्रोबॉल चैंपियनशिप में जयपुर जिला टीम उप विजेता घोषित हुई। बता दें कि विजेता टीम में सांभर क्षेत्र के तीन खिलाड़ियों प्रद्युम्न कुमावत पुत्र जितेंद्र कुमावत, दक्षराज सिंह पुत्र विजय सिंह व चंद्रेश कुमावत पुत्र राधेश्याम कुमावत ने भी उक्त प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट किया था, जिसमें दक्षराज सिंह का बेहतर खेल प्रदर्शन पर चयन समिति ने उसका राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया है। थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भाग लेकर सांभर लौटे तीनों खिलाड़ियों का समाजसेवी व बाबा जागेश्वर के अनन्य भक्त मुन्नालाल शर्मा ने भारतीय जन कल्याण परिषद के अध्यक्ष मुरारीलाल शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष शरद कालानी, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड सचिव एडवोकेट सुनील कुमार शर्मा की मौजूदगी में उनका मोदक खिलाकर मुंह मीठा कराया तथा माल्यार्पण कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र सिंह राठौड़ तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोच्या की ढाणी की शारीरिक शिक्षिका संगीता कुमावत बताती है कि यह क्षेत्र के लिए एक गौरव का विषय है। हम चाहते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र से खेल प्रतिभाएं प्रदेश स्तर पर अपना वर्चस्व स्थापित करें, इसके लिए हमारे स्तर से बेहतर से बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर पूर्व पार्षद उपेंद्र कुमार वर्मा, सांभर स्पोर्ट्स फाउंडेशन के सचिव व प्रशिक्षक राजेंद्र कुमावत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

- कार्यक्रम की जानकारी दी



विजेता टीम में सांभर क्षेत्र के तीन खिलाड़ियों को खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

## सार-समाचार

### पेड़ हमारे जीवन, पर्यावरण एवं भविष्य का आधार हैं



**मनोहरपुर ।** पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "पेड़ लगाओ जीवन बचाओ" अभियान-2026 के तहत श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट, कानड़ियावाला के सहयोग से रविवार, 16 अगस्त 2026 को जमवारामगढ़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम टीम सुमन मीणा जमवारामगढ़ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कानड़ियावाला, काली पहाड़ी, राजपुरवास ताला, भुरानपुरा, हरिपुरा, गढ़वाड़ी, बोबाड़ी, अजबपुरा, धुलेर, जयचंदपुरा, लाडिपुरा एवं धोला सहित विभिन्न स्थानों पर निर्धारित समय पर पौधारोपण एवं पौधा वितरण किया गया । डॉ. हर सहाय मीणा, आई.ए.एस. ने संबोधित करते हुए कहा है कि प्रकृति ही हमारा वास्तविक जीवन आधार है। यदि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, पर्याप्त जल और सुरक्षित पर्यावरण चाहते हैं तो आज हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने और लगाए गए पौधों की जिम्मेदारीपूर्वक देखभाल करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि मेरा सभी क्षेत्रवासियों से आ ान है कि इस अभियान को केवल एक दिन का पौधारोपण कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे जन-अभियान बनाएं। प्रत्येक परिवार कम से कम दो पौधे लगाए-एक अपने लिए और दूसरा अपने परिवार एवं आने वाली पीढियों के लिए। पौधा लगाना पहला कदम है, उसे वृक्ष बनाना हमारी वास्तविक जिम्मेदारी है । उन्होंने सबसे अपील कि आइए, हम सब मिलकर जमवारामगढ को हराभरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश देने का संकल्प लें।ट्रस्ट अध्यक्ष एवम पंचायत समिति सदस्य मानोता सुमन मीणा ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन, पर्यावरण और भविष्य की सुरक्षा का आधार हैं। महिलाओं, युवाओं और ठाामीण परिवारों की भागीदारी के बिना पर्यावरण संरक्षण का अभियान पूर्ण नहीं हो सकता। इसलिए मैं क्षेत्र की मातृशक्ति, युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से विशेष रूप से अपील करती हूं कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले । हमारा संकल्प केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। प्रत्येक लगाए गए पौधे को अपने परिवार के सदस्य की तरह संरक्षण देकर बड़ा करना होगा। जब आज लगाया गया पौधा कल विशाल वृक्ष बनेगा, तब यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। आइए, मिलकर संकल्प लें-हर साल दो पेड़ लगाएं, धरती मां का कर्ज चुकाएं; पहला पेड़ अपने लिए और दूसरा पेड़ अपनों के लिए लगाएं । आयोजकों ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित समय एवं स्थान पर अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम में सहभागी बनें और पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं।अभियान के दौरान रंगलाल चावंडिया, मुकेश सीकर, चन्द्रसिंह तहसीलदार, पूर्व सीआई बनवारीलाल भुरानपुरा, पूर्व मैनेजर नरसी मीणा, रामकुवार, रामचंद्र गठवाड़ी, राजेंद्र सिंह ब्रजपुरा,फूलचंद घाटी, विनोद सालाडवास,मांगीलाल तेजपाल राजपुरवास, जयराम मानोता, धोलूराम बोबाड़ी, हरिसिंह बृजपुरा, सुभाष लाड़ीपुरा,कृष्ण , विकास लोकेश धोला ,रोहिताश , अमित मीणा, धोलूराम, पूरण, सन्नी , राकेश डालू, लेखराज, दिनेश , देवेन्द्र देवड़वाल, ओम प्रकाश प्रजापत, राकेश , जमवारामगढ़ के सैकड़ो कार्यकर्ता, ठाामीण, पर्यावरण प्रेमी औरश्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट कानड़ियावाला के ट्रस्टी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे ।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया

**दूदू ।** नगर पालिका मुख्यालय दूदू एवं आसपास की ग्राम पंचायतों में स्थित ग्राम पंचायत भवनों एवं सरकारी कार्यालय तथा सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर ध्वजारोहण के साथ मनाया गया । इस अवसर पर उपखंड स्तरीय समारोह दूदू नरेना रोड स्थित खेल मैदान परिसर में आयोजित किया गया । समारोह में ध्वजारोहण अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश यादव उपखंड अधिकारी गुलाब सिंह वर्मा द्वारा किया गया। पश्चात विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्र गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान ध्वज को परेड द्वारा सलामी दी गई । छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के साथ व्यायाम प्रदर्शन भी किया गया अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश यादव द्वारा संबोधन में युवा वर्ग को नशे से दूर रहकर मातृशक्ति के सम्मान की बात कही । समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के कार्मिकों एवं उच्चतम अंक लाने वाले प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया । अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय पर सुरेश यादव उपखंड अधिकारी कार्यालय पर गुलाब सिंह वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर शिवलाल बैरवा नगर पालिका मुख्यालय पर श्रीमती मोनिका सोलंकी पंचायत समिति प्रधान रवि चौधरी बिफ एण्ड ब्राइट इंजीनियरिंग कॉलेज एवं जयपुर आयुर्वेद चिकित्सालय बॉम्बे वर्ल्ड स्कूल परिसर में संरक्षक नंदलाल भारद्वाज लीलाधर महर्षि द्वारा ध्वजारोहण किया ।

### महादेव मण्डल की 9 वीं कांवड यात्रा

**फुलेरा।** महादेव मण्डल के तत्वावधान में 9वीं भव्य कांवड़ यात्रा सांभरलेक स्थित पवित्र देवयानी सरोवर से कांवड में जल भरकर फुलेरा के स्कूल खेल मैदान स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर के शिवालय पर जलाभिषेक किया गया। महादेव मण्डल के अध्यक्ष मंगलचंद सैनी ने बताया कि रविवार को देवयानी सरोवर से सैवडों कांवडिए व महादेव मण्डल के कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर विधी-विधान से पूजा-अर्चना करके हर हर महादेव का जयघोष करते हुए महिलाये, पुरुष व बालक-बालिकाए कावंड़ियों का जत्था रवाना हुआ और डीजे की धुन पर डमरू व छालर बताते हुए नाचते गाते हुए सांभरलेक से भादरपुरा के रास्ते मुख्य बाजार से होते हुए स्कूल खेल मैदान पर पहुंचकर शिवालय पर जलाभिषेक किया गया। कांवड यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा व शीतल पेय पिलाकर स्वागत सत्कार किया गया।

### राहुल राजवंशी का जन्मदिन मनाया

**टोंक।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट पत्रकार संगठन इकाई टोंक के उपाध्यक्ष राहुल राजवंशी का जन्मदिन रविवार को स्थानीय डाक बंगले में पत्रकारों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला जार के जिला अध्यक्ष बृजेश परीडवाल, मनोज तिवाड़ी, आईएफडब्ल्यूजे जिला अध्यक्ष प्रेम रघुवंशी, वरिष्ठ पत्रकार एस,एन चावला, आईएफडब्ल्यूजे प्रदेश सदस्य भूपेंद्र सिंह सोलंकी, दौलत पारीक, रविंद्र जोहरी, रोशन शर्मा, विनोद शर्मा, समीर खान, सुरेंद्र गुप्ता, रोहित रजक, रवि सैनी, कमलेश सैनी, मोईन हिना, भीम सेना जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा, गौरव विजय, एम, असलम खान , राकेश पालीवाल, अरशद शाहीन, जाहिद टोंकी सहित मुन्ना मियां, विष्णु, आजम, अजय, महबूब मियां, मनोज शाहिद एवं किलकिल मियां आदि मौजूद रहे।

### प्रतिभाएं देश की धरोहर- विधायक रामसहाय वर्मा

**निवाई।** स्वतंत्रता दिवस पर कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी गंभीर सिंह व अध्यक्षता कर रहे विधायक रामसहाय वर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सहित 66 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रतिभाएं हमारे देश की धरोहर है, इनको संबल प्रदान करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। प्रतिभाओं के सम्मान से उनका मनोबल बढ़ता है।